अपर समाहर्त्ता का न्यायालय, दुमका।

रे0मि0 अपील सं0 31/11-12

मो0 लुकमान अली...अपीलकर्त्ता

बनाम

बगरू मियाँ वगैरह..उत्तरकारी

।।आदेश।।

यह रे0मि0 अपील सं0 31/11-12 म0 लुकमान अली सा0 ढाका, बनाम बगरू मियाँ उर्फ जमशेद मियाँ एवं अन्य सा0 दुधानी, थाना-शिकारीपाड़ा के बीच अनुमंडल पदाधिकारी, दुमका के आर0 ई0 वाद सं0 42/04-05 में पारित आदेश दिनांक 03.01.08 के विरूद्ध में दायर किया है।

अपीलकर्त्ता लगातार न्यायालय में कई तिथियों से बिना कारण बताए अनुपस्थित है। इस पर अपीलकर्त्ता को दिनांक 17.0517 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु नोटिश निर्गत किया गया। निर्गत नोटिस बिना तामिला का वापस किया गया है, जिसमें प्रक्रिया पालक द्वारा प्रतिवेदन किया गया है कि अपीलकर्त्ता द्वारा नोटिश लेने से इन्कार किया गया। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलकर्त्ता को इस वाद में कोई अभिरूचि नहीं है। अतः वाद की कारवाई समाप्त की जाती है।

लेखापित एवं संशोधित

अपर समाहर्त्ता,
दुमका।

अपर समाहर्त्ता,
दुमका।

ज्ञापांक...33.../डी0बी0, दुमका　　　　दिनांक...7/10/17

प्रतिलिपि :- अनुमंडल पदाधिकारी, दुमका को आदेश की प्रति के साथ सूचनार्थ प्रेषित। प्राप्त निम्न न्यायालय का अभिलेख सं0 आर0ई0 42/04-05 मो0 लुकमान अली अंसारी बनाम बगरू मियाँ का मूल में संलग्न कर भेजा जाता है।

अपर समाहर्त्ता,
दुमका।